कार्यक्रम | सरस्वती पूजन से लेकर पतंगबाज़ी तक, बसंत पंचमी पर दिखा उत्साह

# पीले रंग में रंगी संस्कारधानी, धूमधाम से मनाया बसंतोत्सव






एमएलबी स्कूल में किया मां सरस्वती का पूजन- अर्चन

**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी में बसंत पंचमी का पर्व पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। शहर भर में मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ बसंतोत्सव की छटा बिखरी रही। मंदिरों, स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विधिवत पूजा कर विद्या, बुद्धि और विवेक की कामना की गई। इस पावन अवसर पर श्रद्धालु पीले वस्त्रों में नजर आए, क्योंकि पीला रंग मां सरस्वती को विशेष रूप से प्रिय माना जाता है। सुबह से ही पूजा-पाठ का सिलसिला शुरू हो गया था, वहीं दिन चढ़ते ही शहर का वातावरण उल्लास से भर गया। बसंत पंचमी पर पतंग उड़ाने की पुरानी परंपरा भी देखने को मिली। नीले आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़ती नजर आईं, जिससे पर्व का उत्साह और भी बढ़ गया। पूरे शहर में बसंत के आगमन की खुशी झलकती रही।

## महर्षि विद्या मंदिर में बसंत पंचमी व लेखनी पूजन



महर्षि विद्या मंदिर, नेपियर टाउन में बसंत पंचमी के अवसर पर लेखनी पूजन (विद्या आरंभ) का आयोजन श्रद्धा व उल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य निलेश कुमार पांडेय एवं प्रशासनिक अधिकारी राहुल कुमार जैन द्वारा माँ सरस्वती व भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से किया गया। शिक्षकों, कर्मचारियों व अभिभावकों की उपस्थिति में नन्हे विद्यार्थियों का लेखनी पूजन संपन्न हुआ। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार एवं शिक्षा के प्रति श्रद्धा का संदेश दिया गया।

## रादुविवि में बसंत पंचमी एवं पराक्रम दिवस



रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती (पराक्रम दिवस) श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि बसंतोत्सव ज्ञान, विद्या और नवचेतना का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. राकेश बाजपेयी ने की। मुख्य वक्ता इतिहासविद् डॉ. आनंद सिंह राणा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साहस, अनुशासन और देशभक्ति पर प्रकाश डाला। हिन्दी एवं भाषा विज्ञान विभाग में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती पूजन, महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ, जिसमें कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. धीरेन्द्र पाठक सहित विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में सरस्वती पूजन व विद्यारंभ संस्कार



विद्याभारती के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर/उच्च माध्यमिक विद्यालय गलगला में सरस्वती पूजन, पाटी पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शारदा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट जिनेन्द्र जैन, उपाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बृजेश दत्त अरजरिया सहित राम इन्दुरख्या, डॉ. विवेक जैन, संदीप अग्रवाल, प्राचार्य रत्ना मिश्रा, आचार्य इच्छालाल त्रिपाठी सहित शिक्षकगण, अभिभावक, पूर्व छात्र व विद्यार्थी उपस्थित रहे। आचार्य इच्छालाल त्रिपाठी द्वारा वेद मंत्रों के साथ विद्यारंभ संस्कार कराया गया, वहीं छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, आभार प्राचार्य रत्ना मिश्रा ने व्यक्त किया।

## एसएचआईएम में सरस्वती पूजन



संस्था स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन (एसएचआईएम) में विधि विधान पूर्वक विद्या की देवी सरस्वती माता का पूजन किया गया। पूजन कार्यक्रम में प्राचार्य दविंदर पाल सिंह सोढ़ी द्वारा मार्गदर्शन में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। सरस्वती माता के पूजा एवं वंदन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया, जो कि संस्था के विद्यार्थियों द्वारा ही तैयार किया गया था।

## सीताराम आश्रम से निकली ध्वज पूजन यात्रा



बसंत पंचमी के पावन अवसर पर अखिल भारतीय मां नर्मदा चैतन्य महाप्रभु लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में सीताराम आश्रम भेड़ाघाट से 64 योगिनी माता मंदिर तक भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। माघ मास कल्पवास के 20वें दिवस पर महंत श्री बाल योगी कृष्ण दास जी महाराज, साध्वी कल्याणी दासी माता जी एवं भगवताचार्य पं. मनमोहन दुबे के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 64 योगिनी माता मंदिर में विधिवत ध्वज पूजन कर ध्वज अर्पित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव सुरेश विश्वकर्मा, सह-सचिव दीपक तिवारी सहित सुरेंद्र गिरी गोस्वामी, नितिन चौबे, दुर्गेश कुमार, मनोहर विश्वकर्मा, रोहित पटेल, गणेश विश्वकर्मा, सत्यप्रकाश नामदेव, देवेंद्र नेमा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### एक नजर में




## हितग्राहियों को मिला सूकर पालन का प्रशिक्षण व संसाधन

**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एनडीवीएसयू), जबलपुर के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के प्रसार शिक्षा विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए तीन दिवसीय सूकर पालन प्रशिक्षण एवं वितरण कार्यक्रम का आयोजन पशुधन फार्म, अधारताल में किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में तथा आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल की परियोजना टीके एवं डायग्नोस्टिक्स पर कंसोर्टियम अनुसंधान मंच के वित्तीय सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डीन डॉ. आर. के. शर्मा एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. सुनील नायक का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। पंजीकरण उपरांत आईसीएआर-सीआरपीजीडी, भोपाल से पधारे डॉ. जी. वेंकटेश (प्रधान वैज्ञानिक) एवं डॉ. सेंथिल कुमार ने सूकर पालन पर व्याख्यान देकर वैज्ञानिक तरीके से पालन की जानकारी दी। कार्यक्रम की प्रमुख अन्वेषक एवं संचालक डॉ. रुचि सिंह ने सूकर पालन से जुड़ी तकनीकी जानकारी एवं विश्वविद्यालय की गतिविधियों से लाभार्थियों को अवगत कराया। इस अवसर पर 25 प्रतिभागियों को एक-एक सूकर, 100 किलोग्राम पशु आहार एवं मिनरल मिक्सचर का वितरण माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. जी. पी. लखानी (निदेशक, फार्म), डॉ. मोहन सिंह ठाकुर (निदेशक, बायोटेक सेंटर) की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संचालन में डॉ. अनिल शिंदे तथा परियोजना के युवा प्रोफेशनल आशीष यादव का सहयोग रहा।



## श्री माँ कलेही माता मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा 25 से

**नवभारत,जबलपुर।** गोपालबाग (दमोहनाका) स्थित 152 वर्ष प्राचीन श्री माँ कलेही माता मंदिर के भव्य पुनर्निर्माण के पश्चात प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 25 जनवरी से 2 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। यह आयोजन द्वारकाधीशवर जगद्?गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा। पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष प्रमोद ताम्रकार ने बताया कि माँ कलेही नवदुर्गा के सप्तम स्वरूप कालरात्रि के रूप में पूजित हैं और यह मंदिर मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण धार्मिक आस्था का केंद्र है। मंदिर का पुनर्निर्माण शुद्ध मकराना संगमरमर से पारंपरिक नागर शैली में किया गया है। महोत्सव के प्रथम दिन 25 जनवरी (रविवार) दोपहर 1 बजे भव्य कलश शोभायात्रा बंगला मुखी माता मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री माँ कलेही माता मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद नौ दिनों तक वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन, हवन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। पत्रकार वार्ता में जिग्नेश पटेल, सुशील शुक्ला, विनोद यादव, राजकुमार जायसवाल,सर्वम् सिंह राठौर, अभ्युत बाजपेयी आदि उपस्थित थे।




## आकाश एजुकेशनल और भारतीय सेना के बीच एमओयू

**नवभारत,जबलपुर।** टेस्ट प्रिपरेशन के क्षेत्र में अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड ने सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के उद्देश्य से भारतीय सेना के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीरता पुरस्कार विजेताओं, दिव्यांग कर्मियों तथा शहीदों के परिवारों को शैक्षणिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह एमओयू भारतीय सेना की ओर से कर्नल, सेरेमोनियल एंड वेलफेयर 3×4 और एईएसएल की ओर से डॉ. यश पाल, चीफ अकैडमिक एंड बिज़नेस हेड (दिल्ली-एनसीआर) द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। समझौते के अंतर्गत एईएसएल के देशभर के सभी केंद्रों पर नामांकन लेने वाले सेना से जुड़े विद्यार्थियों को विशेष छात्रवृत्तियाँ मिलेंगी। शहीद सैनिकों के बच्चों को केवल रजिस्ट्रेशन फ़ीस देनी होगी, जबकि 20 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले कर्मियों और वीरता पुरस्कार विजेताओं के बच्चों को 100 प्रतिशत ट्यूशन फ़ीस में छूट दी जाएगी। सेवारत और सेवानिवृत्त सैनिकों के बच्चों को 20 प्रतिशत ट्यूशन फ़ीस में रियायत मिलेगी। एईएसएल के एमडी एवं सीईओ चंद्र शेखर गरिसा रेड्डी ने कहा कि यह पहल देश के वीर जवानों के त्याग को सम्मान देने और उनके बच्चों को उज्ज्वल भविष्य देने की दिशा में एक ठोस कदम है।

## संतुलित आहार ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला

**शासकीय होम साइंस कॉलेज में 'ईट राइट-शाइन ब्राइट' कार्यक्रम**




**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृह विज्ञान एवं विज्ञान स्वशासी महिला महाविद्यालय, जबलपुर में युवाओं हेतु स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम 'ईट राइट, शाइन ब्राइट' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मल्लिका बैनर्जी नड्डा (नई दिल्ली) ने स्वस्थ आहार, अनुशासित जीवनशैली एवं जागरूक नागरिक बनने पर प्रेरक उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल ने कॉलेज विकास से संबंधित तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव—स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों को नियमित करने, बायोटेक्नोलॉजी एवं कंप्यूटर साइंस में पीजी पाठ्यक्रम तथा भूगर्भ विज्ञान (जियोलॉजी) में यूजी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने—मुख्य अतिथि के समक्ष रखे, जिन पर सहमति व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. सौरभ बड़ेरिया, उपाध्यक्ष, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने युवाओं के समग्र विकास पर विचार रखे तथा महाविद्यालय की पाँच स्मार्ट बोर्ड की मांग शीघ्र पूर्ण करने की घोषणा की। मुख्य वक्ता डॉ. सत्यानंद के.एस.एम. एवं डॉ. विभा श्रीपाल ने संतुलित आहार को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताया। कार्यक्रम के अंतर्गत बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती पूजन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पर श्रद्धांजलि एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. सुनील मिश्र, संचालन डॉ. दुर्गा मिश्रा तथा तकनीकी सहयोग डॉ. अर्जुन शुक्ला ने किया। श्रीमती मिताली बनर्जी एवं जनभागीदारी अध्यक्षा सीमा सिंह जुग्गी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राओं सहित प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## डॉ .सलमा मॉरीशस में ' विश्व हिंदी सेतु ' अवार्ड से सम्मानित

**नवभारत,जबलपुर।** नगर और देश का गौरव डॉ.सलमा जमाल विश्व हिंदी सचिवालय में मॉरीशस हिन्दी प्रचारिणी सभा मॉरीशस,साहित्य संचय फाउंडेशन एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ,के संयुक्त तत्वाधान में मॉरीशस में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई , इसके द्वारा डॉ. सलमा जमाल को विश्व हिंदी सेतु अवार्ड से सम्मानित किया गया। अ. भा. सेवा समिति की अध्यक्ष एवं ऑथर गिल्ड्स ऑफ इंडिया की सहसंयोजक डॉ. सलमा जमाल अभी तक पांच देशों में विश्व हिन्दी भाषा के प्रचार -प्रसार का परचम फहरा चुकी हैं। पाथेय, मंथनश्री, वर्तिका संस्था ने डॉ जमाल का अभिनंदन किया।



## एलआईसी म्यूचुअल फंड की नई शाखा का उद्घाटन

**नवभारत, जबलपुर।** भारत के अग्रणी और भरोसेमंद फंड हाउस एलआईसी म्यूचुअल फंड ने जबलपुर में अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया है। यह एलआईसी एमएफ का 52वां क्षेत्रीय कार्यालय है, जिसका उद्घाटन कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार झा ने किया। इस अवसर पर रवि कुमार झा ने कहा कि तेज़ी से उभरते शहरों में विस्तार एलआईसी एमएफ की विकास रणनीति का अहम हिस्सा है। उन्होंने बताया कि जबलपुर जैसे शहरों में बढ़ती वित्तीय साक्षरता और निवेश जागरूकता को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 तक जबलपुर का कुल म्यूचुअल फंड एयूएम 23,466 करोड़ रुपये रहा, जिसमें एलआईसी म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी 78.41 करोड़ रुपये है। नई शाखा से जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों के निवेशकों व डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स को बेहतर सेवाएं और निवेश परामर्श उपलब्ध होगा।

## चौरसिया प्रीमियर लीग का फाइनल आज

**नवभारत,जबलपुर।** चौरसिया समाज जबलपुर के तत्वावधान में निरंकार पथ खेल मैदान पर आयोजित चौरसिया प्रीमियर लीग – श्री श्री बाबा श्री कप 2026 आज अपने अंतिम फाइनल मुकाबले में पहुँचा। सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार खेल प्रदर्शन देखने को मिला, जिसके बाद दो सर्वश्रेष्ठ टीमें खिताबी मुकाबले के लिए तैयार हैं। टूर्नामेंट में जबलपुर सहित 10 जिलों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 14 वर्ष के युवा और 45 वर्ष तक के अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं।आज के फाइनल में विजेता टीम को 51,000 और उपविजेता को 21,000 रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। आयोजक मंडल ने सभी समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।



## दंडी स्वामी धर्मार्थ नेत्रालय का जनहित में लोकार्पण

**नवभारत,जबलपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम गौरीघाट के संस्थापक एवं संचालक, पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती महाराज ने रेल्वे फाटक भटौली कालीघाट के पास नव निर्मित दंडी स्वामी धर्मार्थ नेत्रालय एवं क्लीनिक का जनहित में लोकार्पण किया। लोकार्पण से पूर्व गुरुदेव महाराज ने नैना देवी की स्थापना की और बताया कि नेत्र चिकित्सक द्वारा मरीजों का इलाज किया जाएगा और भविष्य में अन्य सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा। इस अवसर पर महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी राधेचैतन्य, दंडी स्वामी नर्मदानंद, महंत चंद्रशेखरानंद, नेत्रालय प्रभारी डॉ. अभिजित विश्नोई, डॉ. अखिलेश नेमा, डॉ. आदर्श शर्मा, डॉ. राजीव रिक्षारिया, धर्मार्थ नेत्रालय समिति के प्रदीप चौहान, डी.ओ.पी. राव, सुशील सोनी, अनिल उसरेटे, श्रीराम खत्री, पूरन सिंह राजपूत, बंटी महाराज, इंद्र कुमार तिवारी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

आयोजन | पशु चिकित्सा महाविद्यालय में ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो का आयोजन

## 85 श्वानों के प्रदर्शन ने दर्शकों का मोहा मन




**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के खेल मैदान में ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्वानों के पंजीकरण और स्वास्थ्य परीक्षण से हुआ, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सभी प्रतिभागियों की जांच की। उद्घाटन समारोह में डॉ. पवन स्थापक मुख्य अतिथि रहे, जबकि कुलपति प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा ने अध्यक्षता की। डीन डॉ. आर. के. शर्मा ने स्वागत भाषण में आयोजन के पशु कल्याण और जन-जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। शो में 20 विभिन्न नस्लों के लगभग 85 श्वानों ने भाग लिया। दोपहर सत्र में डॉग ओबीडिएंस-कम-डेमो शो दर्शकों का आकर्षण रहा, जिसमें दीपक गर्ग और बरमन ने सुरक्षा और डिस्टेंट कंट्रोल तकनीक का प्रदर्शन किया। कोलकाता से आए देव कुमार निर्णायक रहे। डॉग/कैट फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और ऑल ब्रीड डॉग शो में बच्चों और दर्शकों ने विशेष उत्साह दिखाया। सायंकाल समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. मल्लिका नड्डा रहीं। पुरस्कार वितरण में बेस्ट इन शो का पुरस्कार रॉटविलर ब्रूनो (पेट ओनर: राहुल सेन, शुभम चौकसे, विशाल रजक) को, द्वितीय पुरस्कार बीगल (शिवानी वर्मा) को और तृतीय पुरस्कार लैब्राडोर प्रोफेसर (शिवलिनी वर्मा) को दिया गया। फैंसी ड्रेस में प्रथम पुरस्कार नूरा, द्वितीय व्हिस्की और तृतीय हैप्पी को मिला। इस आयोजन में छात्रों शशांक विश्वकर्मा, शिवांगी मेहरा, अमन शर्मा, कृष्णकांत शर्मा और महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## सीजीएसटी जबलपुर को मिला प्रथम राजभाषा पुरस्कार

**नवभारत, जबलपुर।** भारत सरकार ,गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा केंद्रीय जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, जबलपुर (मप्र) को वित्तीय वर्ष 2024 -25 के लिए राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए मध्य क्षेत्र के सभी बडे केंद्र शासकीय कार्यालयो में से सीजीएसटी जबलपुर को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 20 जनवरी 2026 को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय , इंदौर में आयोजित मध्य, पश्चिम, दक्षिण व दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों (04 क्षेत्र) के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बंडी संजय कुमार , गृह राज्य मंत्री के करकमलों द्वारा प्रभात डंडोतिया ,अपर आयुक्त को राजभाषा पुरस्कार की शील्ड तथा अभिनव उज्जैनिया , उप आयुक्त को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथि के रूप में शंकर लालवाणी ,सांसद ,इंदौर ,सुश्री अंशुलि आर्या, सचिव, राजभाषा विभाग, राकेश सिंघई , कुलपति , देवी अहिल्या विश्वविद्यालय , इंदौर, जे.एल.रेड्डी , हिंदी शिक्षाविद , हैदराबाद , नर्मदा प्रसाद , हिंदी शिक्षाविद , इंदौर एवं सुदाम पी.खाड़े ,मंडल आयुक्त , इंदौर समेत लगभग 16 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के केंद्र सरकार के कार्यालयों, बैंकों व उपक्रमों से वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।